# Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 21/02/2025 |
| Exam Time | 12:00 PM - 1:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** अँग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

FTR KYW PDB UIG ?

**Ans**
✔ 1. ZNL
✘ 2. YNL
✘ 3. ZNM
✘ 4. ZNO

**Q.2** आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति 1 में - T, R, A और K बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति 2 में - S, O, M और E बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
इस प्रकार, पहली पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर है।
T, K के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। S के सम्मुख बैठा व्यक्ति, K का निकटतम पड़ोसी है। R के सम्मुख बैठा व्यक्ति, S का निकटतम पड़ोसी है। T के सम्मुख बैठा व्यक्ति, O का निकटतम पड़ोसी है। M, E के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, पंक्तियों के अंतिम छोरों पर बैठे दोनों व्यक्तियों को दर्शाता है?

**Ans**
✘ 1. A और M
✘ 2. E और A
✔ 3. M और K
✘ 4. E और R


**Q.3** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से 'FNTA', 'BKRZ' से संबंधित है। उसी तरीके से 'JOCY', 'FLAX' से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 'RWLS' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans**
✔ 1. NTJR
✘ 2. OSIR
✘ 3. MRGT
✘ 4. MSHS


**Q.4** किसी निश्चित कूट भाषा में, 'SHOE' को '3214' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'HOST' को '3219' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?


**Ans**
✔ 1. 9
✘ 2. 2
✘ 3. 1
✘ 4. 3


**Q.5** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।




**Ans**

✓ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✗ 4. 

**Q.6** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी ब्रेड, क्रोसोन्ट हैं।
सभी ब्रेड, मफिन हैं।
सभी ब्रेड, पेस्ट्री हैं।

निष्कर्ष:
(I): सभी क्रोसोन्ट, पेस्ट्री हैं।
(II): कुछ पेस्ट्री, मफिन हैं।

**Ans**

✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

✗ 2. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।

✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✓ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.7 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

16 37 79 142 226 ?

Ans
1. 331 ✔
2. 307 ✘
3. 313 ✘
4. 309 ✘

Q.8 उस अक्षर-संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।

_TWRU_SNQL_JMHK_ IDG_


Ans
1. ZPNFC ✘
2. YPOFB ✔
3. ZQNEC ✘
4. YQOEB ✘

Q.9 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A < B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
'A / B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A : B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A ! B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।

यदि 'F ! L : A < S / H' है तो F का H से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई की पत्नी की बहन ✘
2. भाई की पत्नी की माता ✘
3. भाई की पत्नी का भाई ✔
4. भाई की पत्नी का पिता ✘

Q.10 नीचे एक ही पासे की दो अलग-अलग स्थितियाँ दी गई हैं। संख्या 10 वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन-सी संख्या है?




Ans
1. 11 ✘
2. 8 ✘
3. 7 ✘
4. 12 ✔

Q.11 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'RICE' को '7613 के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'FIRE' को '1374' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

Ans
1. 3 ✘
2. 7 ✘
3. 1 ✘
4. 6 ✔


Q.12 उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




(X)

Ans


✗ 1.




✗ 2.



✗ 3.



✓ 4.



**Q.13** FCBF अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से EBAE से संबंधित है। XUTX ठीक उसी प्रकार WTSW से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, NKJN दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✗ 1. MJHM
- ✗ 2. MKHQ
- ✗ 3. MIHM
- ✓ 4. MJIM

**Q.14** E, F, G, H, J, K और L एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)।
L के बाएं से गिनने पर E और L के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। K, J के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। F, G के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। K, F के ठीक दाएं बैठा है। H, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
H के दाएं से गिनने पर H और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✓ 1. तीन
- ✗ 2. एक
- ✗ 3. दो
- ✗ 4. चार

**Q.15** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ 1. RVS
- ✗ 2. KOL
- ✗ 3. HLI
- ✓ 4. LPN

**Q.16** दिए गए समीकरण को संतुलित करने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?
(98 – 45 + 14) + (84 ÷ 7) – 36 + (6 × 2) = 43
(नोट: अदला-बदली पूर्ण संख्या की होनी चाहिए न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों की।)

**Ans**
- ✓ 1. 98 और 84
- ✗ 2. 7 और 14
- ✗ 3. 2 और 7
- ✗ 4. 7 और 6


**Q.17** यदि शब्द GROUPIE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**
- ✗ 1. दो
- ✓ 2. एक
- ✗ 3. तीन
- ✗ 4. शून्य


**Q.18** उस वेन-आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।
गुलाब, फूल, भालू

**Ans**


✗ 1.




✓ 2.




✗ 3.




✗ 4.





Q.19 एक कागज़ को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर काटा जाता है। खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?




Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.20 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

723 722 719 714 707 ?

Ans

1. 694
2. 696
3. 700
4. 698

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 वे जंतु जिनमें अंडों का निषेचन तथा भ्रूण अवस्था तक शिशु का विकास मादा के शरीर के अंदर होता है, उन्हें _____ के रूप में जाना जाता है।

Ans

1. अकशेरूकी (invertebrates)
2. कशेरुकी (vertebrates)
3. अंडप्रजक (oviparous)
4. जरायुज (viviparous)

Q.2 सरकार की राजकोषीय नीति का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
✔ 1. अधिकतम रोजगार सुनिश्चित करना
✗ 2. मुद्रास्फीति को बढ़ावा देना
✗ 3. अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना
✗ 4. USA को माल बेचना

Q.3 कौन-सी पंचवर्षीय योजना भोजन, कार्य और उत्पादकता पर केंद्रित थी?

Ans
✗ 1. छठी
✗ 2. पांचवी
✗ 3. आठवीं
✔ 4. सातवीं

Q.4 निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में वार्षिक हम्पी नृत्य उत्सव मनाया जाता है?

Ans
✗ 1. तमिलनाडु
✗ 2. झारखंड
✔ 3. कर्नाटक
✗ 4. ओडिशा

Q.5 जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) संशोधन अधिनियम, 2024 ______________ पर जल प्रदूषण को रोकने और नियंत्रित करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्थापित करता है।

Ans
✗ 1. केवल केंद्रीय स्तर
✗ 2. केवल केंद्र शासित प्रदेश स्तर
✗ 3. केवल राज्य स्तर
✔ 4. केंद्रीय और राज्य स्तर

Q.6 श्रुति सडोलीकर (Shruti Sadolikar) किस घराने की ख्याल शैली की भारतीय शास्त्रीय गायिका हैं?

Ans
✔ 1. जयपुर-अतरौली घराना
✗ 2. रामपुर-सहसवान घराना
✗ 3. मेवाती घराना
✗ 4. पटियाला घराना

Q.7 वह अंतिम मौर्य राजा कौन था, जिसकी हत्या उसके प्रधान सेनापति ने की थी, जिसके परिणामस्वरूप शुंग वंश की स्थापना हुई?

Ans
✗ 1. दशरथ
✗ 2. बिंदुसार
✔ 3. बृहद्रथ
✗ 4. सम्प्रति

Q.8 1857 के विद्रोह के दौरान ब्रिटिश गवर्नर जनरल कौन था?

Ans
✔ 1. लॉर्ड कैनिंग (Lord Canning)
✗ 2. लॉर्ड कर्जन (Lord Curzon)
✗ 3. लॉर्ड रिपन (Lord Ripon)
✗ 4. लॉर्ड डलहौजी (Lord Dalhousie)

Q.9 2010 में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की प्रतिनिधि सूची में शामिल मुडियेट्टू (Mudiyettu), किस राज्य का एक अनुष्ठान नृत्य नाटक है?

Ans
✗ 1. तमिलनाडु
✗ 2. कर्नाटक
✔ 3. केरल
✗ 4. ओडिशा

Q.10 राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2023 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस राज्य में गरीब व्यक्तियों का प्रतिशत सबसे अधिक है?

Ans
- ✔ 1. झारखंड
- ✘ 2. मेघालय
- ✘ 3. उत्तर प्रदेश
- ✘ 4. आंध्र प्रदेश

Q.11 निम्नलिखित में से कौन, समकालिक चुनावों संबंधी उच्च स्तरीय समिति का सदस्य था?

Ans
- ✔ 1. अर्जुन राम मेघवाल
- ✘ 2. नितिन गडकरी
- ✘ 3. सुब्रह्मण्यम जयशंकर
- ✘ 4. जगत प्रकाश नड्डा

Q.12 योनेक्स-सनराइज ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2023 __________, बिहार में 27 जून से 2 जुलाई 2023 तक आयोजित किया गया था।

Ans
- ✔ 1. गया
- ✘ 2. पटना
- ✘ 3. राजगिर
- ✘ 4. भागलपुर

Q.13 निम्नलिखित में से किस जल निकाय में सामान्यतः सबसे अधिक लवणता (घुनलशील लवण) होती है?

Ans
- ✘ 1. नदी
- ✘ 2. झील
- ✘ 3. तालाब
- ✔ 4. महासागर

Q.14 सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को हटाने के प्रस्ताव को संसद में स्वीकार करने के लिए लोकसभा में ___________ सदस्यों और राज्यसभा में ___________ सदस्यों के हस्ताक्षर होने चाहिए।

Ans
- ✘ 1. 54; 27
- ✘ 2. 75; 37
- ✘ 3. 150; 75
- ✔ 4. 100; 50

Q.15 बूंदी उत्सव ________ में एक लोकप्रिय त्योहार है।

Ans
- ✘ 1. पंजाब
- ✘ 2. मध्यप्रदेश
- ✔ 3. राजस्थान
- ✘ 4. मिजोरम

Q.16 खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 की पदक तालिका में कौन-सा राज्य शीर्ष पर रहा?

Ans
- ✘ 1. मध्य प्रदेश
- ✘ 2. मणिपुर
- ✘ 3. राजस्थान
- ✔ 4. महाराष्ट्र

Q.17 2011 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य की जनसंख्या सबसे अधिक है?

Ans
- ✘ 1. तमिलनाडु
- ✘ 2. पश्चिम बंगाल
- ✔ 3. बिहार
- ✘ 4. राजस्थान

Q.18 मौलिक कर्तव्यों को भारतीय संविधान के किस भाग के अंतर्गत जोड़ा गया था?

Ans
1. भाग IVA ✔
2. भाग IV ✗
3. भाग VIA ✗
4. भाग VI ✗

Q.19 'राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान' की स्थापना निम्नलिखित में से किस वर्ष की गई थी?

Ans
1. 2015 ✔
2. 2014 ✗
3. 2016 ✗
4. 2017 ✗

Q.20 किस प्रकार्यात्मक समूह में कार्बोनिल कार्बन, हाइड्रोजन परमाणु के साथ-साथ कार्बन से भी जुड़ा होता है?

Ans
1. एमाइड्स (Amides) ✗
2. एल्डिहाइड (Aldehyde) ✔
3. कार्बोक्सिलिक अम्ल (Carboxylic acids) ✗
4. कीटोन (Ketone) ✗

## Section : Part-C-Elementary Mathematics

Q.1 एक व्यक्ति 30 km/hr की चाल से 60 km, फिर 60 km/hr की चाल से 30 km और अंत में 90 km/hr की चाल से 45 km ड्राइव करता है। पूरी यात्रा के लिए औसत चाल (km/hr में) कितनी है?

Ans
1. 42.5 ✗
2. 47.5 ✗
3. 50 ✗
4. 45 ✔

Q.2 मूल्यांकन कीजिए : 16 + 8 ÷ 4 - 3 × 3

Ans
1. 8 ✗
2. 11 ✗
3. 12 ✗
4. 9 ✔

Q.3 मान लीजिए x वह सबसे बड़ी संख्या है जिसे 31, 61 और 91 से भाग देने पर समान शेषफल बचता है। x और 48 का LCM ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 420 ✗
2. 240 ✔
3. 178 ✗
4. 360 ✗

Q.4 22 - 2 × [ 7 + 8 × { 14 - 7 ( 6 - 5 ) × 2} ÷ 37] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 8 ✔
2. 7 ✗
3. 2 ✗
4. 18 ✗

Q.5 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(26 \times 14) \times \left\{9 \div 3 \times \frac{(19 - 15)}{2}\right\}\right]$$

Ans
❌ 1. 2165
❌ 2. 2188
✔ 3. 2184
❌ 4. 2197

Q.6 शान के पास ₹1617 है। उसने इसे अपने पुत्रों पीयूष और मनोज के बीच बांट दिया और उन्हें वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाले 10% ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहा। यह देखा गया कि पीयूष और मनोज को क्रमशः 11 और 12 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। शान ने पीयूष को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
❌ 1. 697
❌ 2. 770
✔ 3. 847
❌ 4. 870

Q.7 यदि 4% वार्षिक ब्याज दर से तीन वर्षों के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अंतर ₹152 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
❌ 1. 32450
✔ 2. 31250
❌ 3. 31670
❌ 4. 30675

Q.8 राकेश, शिवम और रूपेश का औसत भार 46 kg है। यदि राकेश और शिवम का औसत भार 40 kg है तथा शिवम और रूपेश का औसत भार 48 kg है, तो शिवम का भार (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans
❌ 1. 48
❌ 2. 58
❌ 3. 53
✔ 4. 38

Q.9 4, 6 और 5 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
❌ 1. 8
❌ 2. 6
❌ 3. 9.5
✔ 4. 7.5

Q.10 ₹1200 प्रति सैकड़ा की दर से 400 शरीफा खरीदे गए और ₹900 के लाभ पर बेचे गए। प्रति दर्जन शरीफा का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
❌ 1. 186
❌ 2. 161
✔ 3. 171
❌ 4. 181

Q.11 एक जिले की जनसंख्या 383000 है, जिसमें 221000 पुरुष हैं। 58% जनसंख्या साक्षर है। यदि 58% पुरुष साक्षर हैं, तो साक्षर महिलाओं का प्रतिशत कितना होगा?

Ans
❌ 1. 56%
✔ 2. 58%
❌ 3. 61%
❌ 4. 57%

Q.12 एक व्यक्ति किसी वस्तु को ₹221 में बेचता है, जिससे उसे 10.5% का लाभ प्राप्त होता है। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) कितना था?

Ans
✔ 1. 200
✘ 2. 244
✘ 3. 198
✘ 4. 247

Q.13 110 m और 390 m लंबाई वाली दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में क्रमशः 120 km/h और 130 km/h की चाल से गतिमान हैं। पीछे से आ रही तेज चाल वाली रेलगाड़ी द्वारा दूसरी रेलगाड़ी को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

Ans
✘ 1. 1.8
✔ 2. 3
✘ 3. 5
✘ 4. 2

Q.14 यदि कक्षा X के तीन सेक्शनों, जिनमें 35, 40 और 25 विद्यार्थी हैं, के औसत अंक क्रमशः 90, 88 और 80 हैं, तो कक्षा X के सभी विद्यार्थियों का औसत अंक ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 78.6
✘ 2. 76.8
✘ 3. 87.6
✔ 4. 86.7

Q.15 एक त्रिभुज का क्षेत्रफल अपरिवर्ती रहता है। यदि त्रिभुज के आधार को 20% कम कर दिया जाए, तो इसकी लंबवत ऊँचाई में होने वाली वृद्धि का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 15%
✘ 2. 20%
✘ 3. 12.5%
✔ 4. 25%

Q.16 यदि एक बेलन की ऊंचाई 16 cm और त्रिज्या 14 cm है, तो इसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 1418
✘ 2. 1424
✘ 3. 1412
✔ 4. 1408

Q.17 किसी मूलधन पर 4% की वार्षिक दर से 8 वर्ष की अवधि के लिए साधारण ब्याज ₹168 है। मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 527
✔ 2. 525
✘ 3. 517
✘ 4. 534

Q.18 एक कलाई घड़ी का अंकित मूल्य ₹1,200 है। इसे क्रमशः 5% और 8% की दो क्रमिक छूट पर बेचा जाता है। इसका विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. ₹1,048.80
✘ 2. ₹1,085.65
✘ 3. ₹1,070.85
✘ 4. ₹1,052.60

Q.19 पार्थ, रिज़वान और संगीता किसी कार्य को क्रमशः 40, 60 और 80 दिनों में पूरा कर सकते हैं। पार्थ, हर तीसरे दिन रिज़वान और संगीता की सहायता से उस कार्य को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
✗ 1. $29\frac{4}{5}$
✗ 2. $28\frac{4}{5}$
✓ 3. $29\frac{3}{13}$
✗ 4. $28\frac{3}{13}$

Q.20 जब 55, 50, 23 और 22 में से प्रत्येक से x को घटाया जाता है, तो परिणामी संख्याएँ, इसी क्रम में, समानुपात में होती हैं। 3, 7 और x का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 36
✓ 2. 35
✗ 3. 38
✗ 4. 32

Section : **Part-D-English**

Q.1 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Fade

Ans
✗ 1. Accept
✗ 2. Admire
✓ 3. Appear
✗ 4. Achieve

Q.2 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Credible

Ans
✗ 1. Credulous
✗ 2. Fantastic
✓ 3. Unreliable
✗ 4. Friendly

Q.3 Select the word that best completes the given sentence. Determine the collocation through the sentence.

Pranav and Karan, the hikers from the south, ____________ lost in the dense forest but eventually found their way.

Ans
✗ 1. gone
✗ 2. held
✓ 3. got
✗ 4. had

Q.4 Select the appropriate synonym of the given word.

Candid

Ans
✗ 1. Deceptive
✗ 2. Hesitant
✗ 3. Reserved
✓ 4. Honest

**Q.5** Select the most appropriate option to fill in the blank.

The concert tickets were sold out within minutes, leaving many fans ______.

**Ans**
- ✗ 1. screaming
- ✓ 2. disappointed
- ✗ 3. clear
- ✗ 4. satisfied

**Q.6** The following sentence has been split into segments. Identify the segment that contains a grammatical error. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.
He has won the / elections before but / this time the situation is different.

**Ans**
- ✗ 1. He has won the
- ✗ 2. this time the situation is different.
- ✓ 3. No error
- ✗ 4. elections before but

**Q.7** Select the most appropriate synonym of the given word.

Grumpy

**Ans**
- ✗ 1. Jubilant
- ✗ 2. Competent
- ✗ 3. Fascinating
- ✓ 4. Irritable

**Q.8** Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined segment in the given sentence.

She has been feeling <u>unwell</u> lately, so she decided to take a break and rest.

**Ans**
- ✓ 1. under the weather
- ✗ 2. under the radar
- ✗ 3. under pressure
- ✗ 4. under the sun

**Q.9** The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.

It was that cold/ that I could not feel/ my fingers at night.

**Ans**
- ✗ 1. No error.
- ✓ 2. It was that cold
- ✗ 3. that I could not feel
- ✗ 4. my fingers at night.

**Q.10** Select the INCORRECTLY spelt word.

**Ans**
- ✗ 1. Mortally
- ✓ 2. Awkwardely
- ✗ 3. Deliberately
- ✗ 4. Frankly

**Q.11** Select the most appropriate ANTONYM of the highlighted word in the given sentence.

The librarian encouraged meticulous organisation of the books on the shelves.

**Ans**
- ✓ 1. Sloppy
- ✗ 2. Categorised
- ✗ 3. Detailed
- ✗ 4. Orderly

**Q.12** **Select the most appropriate one-word substitute for the underlined segment in the given sentence.**

**Ravi was responsible for giving an/a false and defamatory statement about his friend.**

**Ans**
1. adulatory ✗
2. slanderous ✓
3. flattery ✗
4. adorable ✗

**Q.13** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**She is very good _____ dancing.**

**Ans**
1. for ✗
2. of ✗
3. on ✗
4. at ✓

**Q.14** **Select the option that rectifies the spelling error in the given sentence.**

**The sun dipped below the horrizon, casting a warm, golden glow across the tranquil lake.**

**Ans**
1. caesting ✗
2. accross ✗
3. tranquill ✗
4. horizon ✓

**Q.15** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Arun and his friends are like ________________________________________; they always agree on everything.**

**Ans**
1. two potatoes in a plate ✗
2. two peas in a pod ✓
3. two pots in a kitchen ✗
4. two pearls in a ring ✗

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The volume of tea imports into the Colonies rose _____1______ a very fast rate in the four years ________2_______ up to the Boston Tea Party. They went from 55 tonnes in 1770, which was close to the amount _______3_______ in the harbour, to 370 tonnes the year the tea was dumped. This was an increase of almost seven times. The population of the Colonies was about 2 million people in 1770 and didn't _______4_______ much in that four-year period. Basic economics tells us this _______5_______ increase in supply without more customers meant the price of tea had to fall.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans**
1. at ✓
2. beside ✗
3. about ✗
4. of ✗

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The volume of tea imports into the Colonies rose _____1______ a very fast rate in the four years ________2_______ up to the Boston Tea Party. They went from 55 tonnes in 1770, which was close to the amount _______3_______ in the harbour, to 370 tonnes the year the tea was dumped. This was an increase of almost seven times. The population of the Colonies was about 2 million people in 1770 and didn't _______4_______ much in that four-year period. Basic economics tells us this _______5_______ increase in supply without more customers meant the price of tea had to fall.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans**

✗ 1. lagging

✓ 2. leading

✗ 3. trailing

✗ 4. following

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The volume of tea imports into the Colonies rose _____1______ a very fast rate in the four years ________2_______ up to the Boston Tea Party. They went from 55 tonnes in 1770, which was close to the amount _______3_______ in the harbour, to 370 tonnes the year the tea was dumped. This was an increase of almost seven times. The population of the Colonies was about 2 million people in 1770 and didn't _______4_______ much in that four-year period. Basic economics tells us this _______5_______ increase in supply without more customers meant the price of tea had to fall.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans**

✗ 1. fostered

✗ 2. elevated

✓ 3. dumped

✗ 4. upheld

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The volume of tea imports into the Colonies rose _____1______ a very fast rate in the four years ________2_______ up to the Boston Tea Party. They went from 55 tonnes in 1770, which was close to the amount _______3_______ in the harbour, to 370 tonnes the year the tea was dumped. This was an increase of almost seven times. The population of the Colonies was about 2 million people in 1770 and didn't _______4_______ much in that four-year period. Basic economics tells us this _______5_______ increase in supply without more customers meant the price of tea had to fall.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans**

✓ 1. expand

✗ 2. constrict

✗ 3. condense

✗ 4. shrink

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
The volume of tea imports into the Colonies rose _____1______ a very fast rate in the four years ________2_______ up to the Boston Tea Party. They went from 55 tonnes in 1770, which was close to the amount _______3_______ in the harbour, to 370 tonnes the year the tea was dumped. This was an increase of almost seven times. The population of the Colonies was about 2 million people in 1770 and didn't _______4_______ much in that four-year period. Basic economics tells us this _______5_______ increase in supply without more customers meant the price of tea had to fall.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans**

✗ 1. mundane

✗ 2. dull

✗ 3. understated

✓ 4. dramatic

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1** **निम्नलिखित मुहावरों का कौन सा एक विकल्प खंड शुद्ध है?**

**Ans**

✗ 1. भंडा फूटना-विशेष रूप से आमंत्रित करना

✗ 2. मौत के घाट उतारना-दुखी होना

✗ 3. मैदान मारना-हानि पहुँचाना

✓ 4. माथे मढ़ना-जबरदस्ती लादना

**Q.2** **'जो मुकदमा दायर करता है' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द होगा-**

**Ans**

✗ 1. आरोपी

✓ 2. वादी

✗ 3. प्रतिवादी

✗ 4. अधिवक्ता

**Q.3** **निम्नलिखित वाक्य के किस अंश मे त्रुटि है?**
**संबंधों में मधुर्यता होनी आवश्यक है|**

**Ans**

✓ 1. मधुर्यता

✗ 2. आवश्यक

✗ 3. होनी

✗ 4. संबंधों

**Q.4** **निम्नलिखित में से किस शब्द में भाववाचक संज्ञा नहीं है?**

**Ans**

✓ 1. एटलस

✗ 2. गर्मी

✗ 3. ममत्व

✗ 4. घबराहट

**Q.5** **निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए-**
**किसी वस्तु या पदार्थ को बेचने वाला**

**Ans**

✓ 1. विक्रेता

✗ 2. क्रेता

✗ 3. अग्रेयता

✗ 4. संग्राहक

Q.6 'आशा' शब्द का विलोम क्या होगा?

Ans
✗ 1. आभा
✗ 2. इच्छा
✗ 3. आशावान
✓ 4. निराशा

Q.7 'नुसरत अब भी अच्छा गाती है।'

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर वाक्य के रेखांकित अंश को बदलें-

Ans
✗ 1. आकर्षक
✗ 2. सुन्दर
✗ 3. संगीतमय
✓ 4. सुरीला

Q.8 साधु विनम्र होते हैं।
उपरोक्त वाक्य में 'विनम्र' शब्द का विलोम पहचानिए।

Ans
✗ 1. नम्र
✗ 2. शृंखल
✗ 3. अनुशासनहीन
✓ 4. उदंड

Q.9 इनमें से किस वाक्य में त्रुटि नहीं है?

Ans
✓ 1. मेरी गुरु जी के प्रति श्रद्धा है।
✗ 2. भोजन बहुत सुंदर बना है।
✗ 3. श्री कृष्ण के अनेकों नाम है।
✗ 4. निराशा की किरणों छायी हुई है।

Q.10 रिक्त स्थान की पूर्ति निरर्थक शब्द से करें-
सोहन को कोई काम नहीं है, वह दिन भर__________बातें करता रहता है।

Ans
✗ 1. कुछ कुछ
✓ 2. उटपटांग
✗ 3. लंबी
✗ 4. सार्थक

Q.11 निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए -
कहीं से नया-नया आया हुआ

Ans
✗ 1. नवोढ़ा
✗ 2. नवनिर्मित
✗ 3. नवजात
✓ 4. नवागंतुक

Q.12 इनमें से 'रिक्त' का विलोम शब्द कौन-सा है?

Ans
✗ 1. सुपर्ण
✗ 2. अधूरा
✗ 3. अपूर्ण
✓ 4. पूर्ण

Q.13 '________छत पर दाना चुग रही थी।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त देशज शब्द चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए-

Ans
✗ 1. विहग
✓ 2. चिड़िया
✗ 3. पक्षी
✗ 4. खग

Q.14 दिए गए शब्द का उचित विलोम शब्द चुनिए-

सौम्य

Ans
✗ 1. सौम्यता
✗ 2. असहयोग
✓ 3. उग्र
✗ 4. क्रोधित

Q.15 निम्न वाक्य को शुद्ध कीजिए -
इतने आयोग्य आदमी को अच्छी नौकरी मिल गई।

Ans
✓ 1. इतने अयोग्य आदमी को अच्छी नौकरी मिल गई।
✗ 2. इतने आयोझ आदमी को अच्छी नौकरी मिल गई।
✗ 3. इतने आयोग्या आदमी को अच्छी नौकरी मिल गई।
✗ 4. इतने अयोग आदमी को अच्छी नौकरी मिल गई।

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 26 से 30 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
केंद्र में गठबंधन सरकार की स्थापना प्रक्रिया बहुत बाद में शुरू हुई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने _______(26) तक एक छत्र राज किया भारत पर, क्योंकि भारतीय जनता का विश्वास उसे स्वतंत्रता-आंदोलन से ______(27) में मिला था। 1970 के दशक तक भारत में कांग्रेस के_______(28) के रूप में कोई भी राजनीतिक दल राष्ट्रीय-स्तर पर नहीं उभरा था। परंतु, 70, के बाद दशक में भारतीय ________(29)में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए और भारतीय जनता ने कांग्रेस का विकल्प ढूँढ़ना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप, 1977 में पहली बार सत्ता ________(30) हुआ। 1977 के आम चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला।

**SubQuestion No : 16**

Q.16 गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए _________

Ans
✗ 1. युगों
✗ 2. महीनों
✓ 3. दशकों
✗ 4. सदियों

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 26 से 30 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
केंद्र में गठबंधन सरकार की स्थापना प्रक्रिया बहुत बाद में शुरू हुई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने _______(26) तक एक छत्र राज किया भारत पर, क्योंकि भारतीय जनता का विश्वास उसे स्वतंत्रता-आंदोलन से ______(27) में मिला था। 1970 के दशक तक भारत में कांग्रेस के_______(28) के रूप में कोई भी राजनीतिक दल राष्ट्रीय-स्तर पर नहीं उभरा था। परंतु, 70, के बाद दशक में भारतीय ________(29)में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए और भारतीय जनता ने कांग्रेस का विकल्प ढूँढ़ना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप, 1977 में पहली बार सत्ता ________(30) हुआ। 1977 के आम चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला।

**SubQuestion No : 17**

Q.17 गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए __________

Ans
✗ 1. ईनाम
✗ 2. सियासत
✓ 3. विरासत
✗ 4. उपहार

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 26 से 30 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
केंद्र में गठबंधन सरकार की स्थापना प्रक्रिया बहुत बाद में शुरू हुई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने _______(26) तक एक छत्र राज किया भारत पर, क्योंकि भारतीय जनता का विश्वास उसे स्वतंत्रता-आंदोलन से ______(27) में मिला था। 1970 के दशक तक भारत में कांग्रेस के_______(28) के रूप में कोई भी राजनीतिक दल राष्ट्रीय-स्तर पर नहीं उभरा था। परंतु, 70, के बाद दशक में भारतीय ________(29)में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए और भारतीय जनता ने कांग्रेस का विकल्प ढूँढ़ना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप, 1977 में पहली बार सत्ता ________(30) हुआ। 1977 के आम चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए __________**

**Ans**

✗ 1. सदृश

✗ 2. स्थान

✓ 3. विकल्प

✗ 4. विरोध

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 26 से 30 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
केंद्र में गठबंधन सरकार की स्थापना प्रक्रिया बहुत बाद में शुरू हुई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने _______(26) तक एक छत्र राज किया भारत पर, क्योंकि भारतीय जनता का विश्वास उसे स्वतंत्रता-आंदोलन से ______(27) में मिला था। 1970 के दशक तक भारत में कांग्रेस के_______(28) के रूप में कोई भी राजनीतिक दल राष्ट्रीय-स्तर पर नहीं उभरा था। परंतु, 70, के बाद दशक में भारतीय ________(29)में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए और भारतीय जनता ने कांग्रेस का विकल्प ढूँढ़ना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप, 1977 में पहली बार सत्ता ________(30) हुआ। 1977 के आम चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए ___________**

**Ans**

✗ 1. समाज

✓ 2. राजनीति

✗ 3. धर्म

✗ 4. परम्परा

**Comprehension:**

प्रश्न संख्या 26 से 30 तक के उत्तर दिए गए गद्यांश के आधार पर दीजिए।
दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्पों से खाली स्थान भरें।
केंद्र में गठबंधन सरकार की स्थापना प्रक्रिया बहुत बाद में शुरू हुई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने _______(26) तक एक छत्र राज किया भारत पर, क्योंकि भारतीय जनता का विश्वास उसे स्वतंत्रता-आंदोलन से ______(27) में मिला था। 1970 के दशक तक भारत में कांग्रेस के_______(28) के रूप में कोई भी राजनीतिक दल राष्ट्रीय-स्तर पर नहीं उभरा था। परंतु, 70, के बाद दशक में भारतीय ________(29)में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए और भारतीय जनता ने कांग्रेस का विकल्प ढूँढ़ना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप, 1977 में पहली बार सत्ता ________(30) हुआ। 1977 के आम चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **गद्यांश के रिक्त स्थान की पूर्ति दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प से कीजिए _________**

**Ans**

✓ 1. परिवर्तन

✗ 2. स्थानांतरण

✗ 3. स्थायित्त्व

✗ 4. विकेंद्रीकरण